कार्यालय प्रभारी शारीरिक शिक्षा

पत्रांकः शा0शि0/3156 दिनांक नवम्बर 16 ,2022

सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों, कर्मियों एवं परिसर वासियों को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि विश्वविद्यालय स्थापना दिवस कार्यक्रम 2022 के तहत दिनांक 17.11.2022 को विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा **"रन फार यूनिवर्सिटी"** का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी लोगो से निवेदन है कि इस दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डा0 मनमोहन सिंह चौहान द्वारा उक्त दौड़ का शुभारंभ किया जायेगा।

दिनांक – 17.11.2022

स्थान – स्टीवेन्सन स्टेडियम से गाँधी हाल (गाँधी पार्क)

कार्यक्रम की समय सारणी

- टोपी/कैप का वितरण (निःशुल्क) प्रातः 6:30 बजे
- वि0वि0 कर्मियों/विद्यार्थियों का एकत्रीकरण समय प्रातः 7:15 बजे
- मुख्य अतिथि माननीय कुलपति जी का आगमन प्रातः 7:35 बजे।
- दौड़ का प्रारम्भ प्रातः 7:40 बजे

Tyagi 16/11/22

(पूनम त्यागी)
प्रभारी,शारीरिक शिक्षा

प्रतिलिपि :–

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/नियंत्रक/संस्थापनाधिकारी/मुख्य कार्मिक अधिकारी/वि०वि० पुस्तकालयाध्यक्ष/मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म हल्दी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त कर्मियों को उक्त दौड में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करने की कृपा करें।
2. समस्त छात्रावास अभिरक्षक/अभिरक्षिकाओं को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित छात्रावास के विद्यार्थियों को उक्त दौड में प्रतिभाग कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
3. समस्त क्रीड़ा स्टाफ काउन्सलरों एवं सह निदेशक, शा० शि० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सुरक्षा अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय वेबसाइड को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय चिकित्सालय सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. निदेशक संचार महोदय को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को स्थानीय समाचार पत्रो में प्रकाशित करवाने की कृपा करें।
8. अधिष्ठाता छात्र कल्याण महोदय को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।